# शाखा की संपत्तियों की निगम आयुक्त झारिया ने की समीक्षा



त किया कि ऐसी संपत्ति जिनका निराकरण हो चुका है व नियम तथा शर्तों के अनुरूप संपूर्ण राशि जमा है उनकी रजिस्ट्री संपादित कराये जाने प्रक्रिया प्रारंभ करें।

वर्श 1995 में पहले आओ-पहले पाओ पद्धती से किये गये पंजीयन व आवंटित संपत्तियों तथा वर्श 2016 में मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के नियमानुसार आवंटित संपत्तियां जो कि नियत समयावधि में राशि जमा नहीं करने से निरस्ती योग्य तथा जिन व्यक्तियों द्वारा संपूर्ण राशि निविदा में वर्णित शर्तों अनुरूप जमा की गई है उन संपत्तियों को छोड़कर शेष संपत्तियों को पुनः विक्रय किया जाना है इस हेतु कार्यवाही पूर्ण करें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, निज सहायक सुभाश गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा के अलावा गोपाल झालीवाल, राजेन्द्र पुरोहित, श्रीमती प्रफुलता तिवारी, श्रीमती नाहिदा कुरेशी आदि उपस्थित थे।

प्रसारण - 21

प्रसारण 21/11/21

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम को प्रेरक दौड़ में मिला गोल्ड

# स्वच्छता में 1 से 10 लाख व 10 लाख से अधिक आबादी में वाले शहरों में, नगर निगम रतलाम ने हासिल की 42 वीं नेशनल रैंकिग

प्रसारण न्यूज • रतलाम

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा 20 नवम्बर शनिवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के घोशित किये गये नतीजो में नगर निगम रतलाम ने गोल्ड हासिल किया वहीं स्वच्छता में 1 से 10 लाख व उससे अधिक आबादी वाले शहरों में नगर निगम रतलाम ने 42 वीं नेशनल रैंकिग प्राप्त करने पर नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी, नागरिकों में हर्ष व्याप्त है।



भारत सरकार के आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा 20 नवम्बर शनिवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के नतीजे घोशित किये जिसके तहत नगर निगम रतलाम ने गोल्ड हासिल किया। स्वच्छता में नगर निगम रतलाम ने राष्ट्रीय स्तर पर 1 से 10 लाख व उससे अधिक आबादी वाले शहरों में 42 वां स्थान प्राप्त किया वहीं 1 से 3 लाख आबादी वाले शहरों में नगर निगम रतलाम ने प्रदेश में 10 वीं रैंकिग प्राप्त की।

प्रसारण - 21

प्रसारण 21/11/21


करोड़ों खर्च करने के बाद भी नम्बर- वन की दौड़ में निराशा

# स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में रतलाम 372 शहरों में 42वें स्थान पर रहा

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर को स्वच्छता रैंकिंग में एक बार फिर निराशा ही हाथ लगी है। शनिवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के परिणाम जारी हुए। इसमें रतलाम शहर को एक से दस लाख की आबादी वाले 372 शहरों में 42 वां स्थान मिला है। गत वर्ष देश में शहर को 49वां स्थान मिला था। कुल 3930.37 अंक रतलाम को मिले हैं। प्रदेश में 13 शहरों में रतलाम शहर तीसरे स्थान पर है।

उल्लेखनीय है कोरोना संक्रमण के कारण इस बार निकायों में फील्ड सर्वे 1 मार्च से 28 मार्च 2021 तक किया गया था। 6000 अंक के सर्वे में एक भाग 40 प्रतिशत का जबकि दो भाग 30-30 प्रतिशत अंक के थे। वर्षभर नगर निगम ने रंगोली, प्रभातफैरी से जागरूकता का संदेश दिया, वहीं कचरा संग्रहण, निष्पादन और पृथक्कीकरण के लिए भी संसाधनों की वृद्धि कर सफाई का स्तर बढ़ाने की कोशिश की। इन प्रयासों के परिणाम को लेकर निगम अधिकारी आशान्वित रहे।



स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में निगम को खतरनाक श्रेणी के कचरे का निपटान करना जरूरी किया गया था। पॉलीथिन का उपयोग रोकने के लिए किए गए इंतजामों के साथ ही दुकानदारों, होटल संचालकों, धर्मशाला, निजी, शासकीय कार्यालयों, आमजन से फीडबैक लिया गया। सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत (2400) अंक थे, इसमें 1903 अंक मिले। सिटीजन वाइस के 1800 अंक में 1526.53 व

### पिछले छह वर्षों के सर्वे में शहर की रैंकिंग

| वर्ष | -रैंक |
|---|---|
| 2016 | -79 |
| 2017 | -48 |
| 2018 | -72 |
| 2019 | -62 |
| 2020 | -49 |
| 2021 | -42 |

(एक से दस लाख की आबादी वाले 372 शहरों में)

सर्टिफिकेशन-स्टार रैंकिंग के 1800 अंक में 500 अंक मिले हैं। इसमें कचरा मुक्त शहर की स्टार रैंकिंग पर 1100 औ ओडीएफ प्लस व ओडीएफ डबल प्लस के लिए 700 अंक तय किए गए थे। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि हम स्वच्छता की रैंकिंग में अभी परिणाम क अध्ययन कर रहे हैं। दस लाख से क आबादी वाले शहरों में रतलाम 42 नंबर पर है। पेज - १

दबंग दुनिया २१/११/२१

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2021... एक से दस लाख की आबादी वाले शहरों में 42वां स्थान मिला, प्रेरक दौड़ में गोल्ड**

# फिर पिछड़ा रतलाम : ओवर ऑल रैंकिंग में 49 से 162वें स्थान पर पहुंचे... फिर भी प्रदेश में पाया पांचवां स्थान

### शहर बढ़े तो हम फिसले

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के तहत इस बार छोटे शहरों की दौड़ में एक से दस लाख तक की आबादी वाले शहरों को इसमें शामिल किया गया है। इसके चलते दस लाख तक की आबादी वाले शहरों की संख्या शामिल होने से 372 शहरों को इस दौड़ में शामिल किया गया था। इन शहरों में रतलाम इस बार 42 वें पायदान पर आया है।

### एक से तीन लाख आबादी में थे ऊपर

स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2020 में छोटे शहरों की रैंकिंग में एक से तीन लाख तक की आबादी वाले शहरों की सूची में रतलाम को शामिल किया गया था, क्यो कि यहां की जनसंख्या तीन लाख से कम है। ऐसे में देशभर के 270 ऐसे शहरों की स्वच्छता रैंकिंग में रतलाम 31 वें पायदान पर था लेकिन अब जब जनसंख्या दस लाख तक की है, तो उसमें हम पिछड़ गए।

### प्रेरक दौड़ में मिला गोल्ड

स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान लोगों को जागरूक करने कई तरह के हथकंडे अपनाए गए थे, प्रेरक दौड़ भी की गई थी। स्वच्छता प्रेरकों के माध्यम से लोगों को शहर को साफ और स्वच्छ रखने की सीख भी दी थी। स्वच्छता प्रेरक दौड़ के मामले में रतलाम ने बाजी मारी और गोल्ड अनुपम अवार्ड अपने नाम कर लिया, जिसके चलते निगमकर्मियों में खासा उत्साह है।

### देश में ऐसे पिछड़े

प्रदेश में स्वच्छता के मामले में पांचवे पायदान पर आने वाला रतलाम शहर देश की ओवर ऑल रैंकिंग में जगह कायम नहीं रख सका। वर्ष 2020 में 4242 शहरों की दौड़ में रतलाम टॉप 50 शहरों में शामिल होकर 49 वे पायदान पर था वर्ष 2021 में रतलाम 162 वें स्थान पर पहुंच गया। इसके पीछे एक कारण अन्य प्रदेशों के शहरों द्वारा रतलाम को पछाड़ना रहा।

**शहर स्वच्छ तो हम स्वस्थ**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के परिणाम शनिवार को सामने आ गए। इसकी ओवर ऑल रैंकिंग में रतलाम देश के अन्य शहरों से मुकाबला नही कर पाया। देश के टॉप 50 स्वच्छ शहरों में 49 वे स्थान पर मौजूद रतलाम अब यहां से 113 स्थान नीचे फिसलकर 162 वें स्थान पर पहुंच गया है। वही दूसरी ओर प्रदेश के छोटे शहरों में रतलाम प्रदेश में पांचवे पायदान पर आया है, जिसकी खुशी मनाई जा रही है। उनकी माने तो देश मे एक से दस लाख तक की आबादी वाले शहरों में रतलाम 42 वें स्थान पर है, जो कि हर बार से बेहतर है। अंकों के आधार पर स्वच्छता में अव्वल आने वाली नगर निगम को शहर मे गंदगी और जाम हुई नालियां से सड़क पर बहता



पहले चित्र में पीएंडटी कॉलोनी में लगा कचरे का ढेर। दूसरे चित्र में घांस बाजार में नाली जाम होने से सडक पर बहता गंदा पानी।

### जिले के निकायों की सूची

| 25 हजार से कम आबादी वाले टॉप 100 नगरों में | 50 हजार से एक लाख की जनसंख्या वाले टॉप 100 नगर |
|---|---|
| 49 - सैलाना | 32 जावरा |
| 61 - पिपलौदा | |
| **एक से दस लाख की आबादी वाले नगर में** | **कचरा मुक्त शहर स्टार रेंटिंग** |
| 42 - रतलाम | 1 स्टार - नामली नप |

### 25 हजार से कम जनसंख्या वाले स्टेट रैंकिंग

| 49 | 168 | 264 | 449 |
|---|---|---|---|
| सैलाना | नामली | ताल | आलोट |

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में रतलाम देश में 42 वे स्थान पर है जबकि प्रदेश में पांचवे पायदान पर आया है। इसके साथ ही रतलाम को स्वच्छता प्रेरक दौड़ में गोल्ड अनुपम अवार्ड भी मिला है। शहर को स्वच्छता में बेहतर लाने के लिए पूरी निगम टीम और विशेष तौर पर वह सफाईकर्मी दिन-रात जुटे रहते थे, इसके साथ ही शहर के लोग भी अब अपनी जिम्मेदारी समझ रहे है, जिसकी बदौलते हमने बेहतर मुकाम पाया है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त ननि, रतलाम

# नगर निगम विकास शाखा की संपत्तियों की निगम आयुक्त झा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

नगर निगम विकास शाखा की योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेन्टर की दुकान, ऑफिस चेम्बर, कमर्शियल हॉल, आवासीय फ्लेट, आवासीय भूखण्ड के निराकरण हेतु विकास शाखा द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विकास शाखा के अधिकारी, इंजीनियर व कर्मचारियों की बैठक ली।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विभाग द्वारा संपत्तियों के निराकरण हेतु की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेन्टर की निराकृत व अनिराकृत संपत्ती दुकान, ऑफिस चेम्बर, कमर्षियल हॉल, आवासीय फ्लेट, आवासीय भूखण्ड के पृथक-पृथक पत्रक तैयार किये जाये।

उन्होने निर्देशित किया कि निगम स्वामित्व की संपत्तियों का शीघ्र निराकरण किया जाये ताकि विक्रय योग्य संपत्तियों का विक्रय किया जाकर निगम के राजस्व में वृद्धि की जा सकें। श्री



झारिया ने निर्देषित किया कि ऐसी संपत्ति जिनका निराकरण हो चुका है व नियम तथा शर्तों के अनुरूप संपूर्ण राशि जमा है उनकी रजिस्ट्री संपादित कराये जाने प्रक्रिया प्रारंभ करें।

प्रसारण - 21

प्रसारण 21/11/21

शहर को सब्जी बाजार और हाकर्स फ्री जोन करने पर चर्चा, सब्जी और फल की दुकानें होंगी अलग जगह स्थानांतरित

# शहर की सड़कों पर लगने वाली सब्जी मंडियों को

पत्रिका करंट स्टोरी

## डाट की पुलिया पेलैस रोड क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की रेडी को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानांतरित करे

**रतलाम @ पत्रिका.** यातायात सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई। बैठक में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा कर सुझाव लिए गए। लिए गए निर्णयों पर सात दिन का ट्रायल किया जाएगा। यह सफल रहता है तो इसे आगे निरंतर किया जाएगा।

### यह रहा बैठक में खास

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम आयुक्त को संपूर्ण शहर मे रोड मार्किंग के लिए निर्देश देते हुए कहा कि रोड मार्किंग के बाद दुकानदारों एवं ग्राहकों को 03 दिवस का चेतावनी दी जाएंगी। इसके बाद रोड मार्किंग से बाहर वाहन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई करने एवं वाहन जप्ती की कार्रवाई की जाएगी।

- जिसके तहत त्रिपोलिया गेट, चाँदनी चौक, चौमुखीपुल, घास बाजार व माणकचौक क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की रेडी को त्रिवेणी मैला ग्राउन्ड में स्थानांतरित करे।
- तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेव लाला पिपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहर सराय, सागोद रोड बाजना बस स्टेण्ड क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की रेडी को बोहरा कब्रिस्तान के सामने एवं अमृतसागर तालाब की पाल पर स्थानांतरित करे।
- टीआईटी रोड, रोटरी क्लब के पास, कांवेंट तिराहा से फव्वारा चौक तक, डाट की पुलिया पेलैस रोड क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की रेडी को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानांतरित करे।
- राममन्दिर चौराहा, कस्तूरबा नगर, गुजरात स्वीट्स वाली रोड एवं सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर अन्य लगी हुई सब्जी की रेडी को बाल सम्प्रेक्षण गृह के सामने विरियाखेडी एवं जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने व जवाहर नगर बी कोलोनी रोड के सामने वाले मैदान में स्थानांतरित करे।
- सैलाना बस स्टैंड स्थित शासकीय सब्जी मंडी के भवन का एक हिस्से को 02-03 मंजिला रिटेल सब्जी मंडी में परिवर्तित कर दिया जाए।
- मार्ग नं. एक सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी से गणेश देवरी की ओर रहेगा ये सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।
- मार्ग नं. 02 में सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश चौमुखी पुल से गणेश देवरी की ओर रहेगा जो रानी जी की मन्दिर की ओर जा सकेंगे परन्तु ये सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।
- मार्ग नं. 03- सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश गणेश देवरी से तोपखाने की ओर रहेगा ये सभी वाहन तोपखाने की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।
- मार्ग नं.04- सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी से घास बाजार की ओर रहेगा ये सभी वाहन घास बाजार की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।
- मार्ग नं. 05 चार पहिया वाहनों टाकीज से सैलान ओर रहेगा ये सभी स्टैंड की ओर से सैलाना बस स्टैंड जाते है उन्हें शहीद वाहन को लेजाक ही आने की अनुम
- शहर में भारी वाहनो को प्र रात्री 09.00 बजे प्रतिबंधित किया

पत्रिका २१/११/२१

ी जोन करने पर चर्चा, सब्जी और फल की दुकानें होंगी अलग जगह स्थानांतरित

# ों पर लगने वाली सब्जी मंडियों को करेंगे बाहर

## ुलिया पेलैस रोड क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की रेडी को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानांतरित करे

बाजार व माणकचौक क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की रेडी को त्रिवेणी मैला ग्राउन्ड में स्थानांतरित करे।

◆ तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेव लाला पिपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहर सराय, सागोद रोड बाजना बस स्टेण्ड क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की रेडी को बोहरा कब्रिस्तान के सामने एवं अमृतसागर तालाब की पाल पर स्थानांतरित करे।

◆ टीआईटी रोड, रोटरी क्लब के पास, कांवेंट तिराहा से फव्वारा चौक तक, डाट की पुलिया पेलैस रोड क्षेत्र में लगी हुई सब्जियों की रेडी को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास मैदान में स्थानांतरित करे।

◆ राममन्दिर चौराहा, कस्तूरबा नगर, गुजरात स्वीट्स वाली रोड एवं सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर अन्य लगी हुई सब्जी की रेड़ी को बाल सम्प्रेक्षण गृह के सामने विरियाखेडी एवं जवाहर : नगर मुक्तिधाम के सामने व जवाहर नगर बी कोलोनी रोड के सामने वाले मैदान में स्थानांतरित करे।

◆ सैलाना बस स्टैंड स्थित शासकीय सब्जी मंडी के भवन का एक हिस्से को 02-03 मंजिला रिटेल सब्जी मंडी में परिवर्तित कर दिया जाए।

◆ मार्ग नं. एक सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी से गणेश देवरी की ओर रहेगा ये सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

◆ मार्ग नं. 02 में सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश चौमुखी पुल से गणेश देवरी की ओर रहेगा जो रानी जी की मन्दिर की ओर जा सकेंगे परन्तु ये सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

◆ मार्ग नं. 03- सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश गणेश देवरी से तोपखाने की ओर रहेगा ये सभी वाहन तोपखाने की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

◆ मार्ग नं.04- सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी से घास बाजार की ओर रहेगा ये सभी वाहन घास बाजार की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

◆ मार्ग नं. 05- सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश लोकेन्द्र टाकीज से सैलाना बस स्टेण्ड की ओर रहेगा ये सभी वाहन सैलाना बस स्टैंड की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। सैलाना बस स्टैंड से लोकेन्द्र टाकीज जाते है उन्हें शहीद चौक तक अपने वाहन को लेजाकर डिवाईडर करने ही आने की अनुमति होगी।

◆ शहर में आने वाले समस्त भारी वाहनो को प्रातः 09.00 बसे से रात्री 09.00 बजे तक के लिए प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। प्रातः 09.00 बसे से रात्री 09.00 बजे तक के मध्य भारी वाहनो के शहर में प्रवेश होने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी।

◆ रात्रि के समय मे आटो तथा मेजिक लोक परिवहन के साधन में यात्रा करने वाले यात्रियों से अत्यधिक किराया वसूले जाने कि शिकायते लगातार प्राप्त हो रही हैं। इस संबंध में आटो तथा मेजिक संचालको एवं यूनियन अध्यक्षों को परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर ही रात्रि में यात्रियों से किराया वसूल करने के संबंध में निर्देशित किया गया। पत्रिका २१

पत्रिका २१/११/२१

# निगम स्वामित्व की विक्रय योग्य संपत्तियों का विक्रय कर राजस्व में वृद्धि की जाएगी

## निगम आयुक्त ने विकास शाखा के अधिकारी, इंजीनियर व कर्मचारियों की बैठक में कहा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगर निगम विकास शाखा की योजना क्र. 71 राजीव गांधी सिविक सेंटर की दुकान, ऑफिस चेम्बर, कमर्शियल हॉल, आवासीय फ्लैट, आवासीय भूखण्ड के निराकरण हेतु विकास शाखा द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विकास शाखा के अधिकारी, इंजीनियर व कर्मचारियों की बैठक ली।



आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विभाग द्वारा संपत्तियों के निराकरण हेतु की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि निगम स्वामित्व की संपत्तियों का शीघ्र निराकरण किया जाए ताकि विक्रय योग्य संपत्तियों का विक्रय किया जाकर निगम के राजस्व में वृद्धि की जा सके। श्री झारिया ने निर्देशित किया कि ऐसी संपत्ति जिनका निराकरण हो चुका है व नियम तथा शर्तों के अनुरूप संपूर्ण राशि जमा है, उनकी रजिस्ट्री संपादित कराये जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करें।

वर्ष 1995 में पहले आओ-पहले पाओ पद्धति से किए गए पंजीयन व आवंटित संपत्तियों तथा वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के नियमानुसार आवंटित संपत्तियां जो कि नियत समयावधि में राशि जमा नहीं करने से निरस्ती योग्य तथा जिन व्यक्तियों द्वारा संपूर्ण राशि निविदा में वर्णित शर्तों अनुरूप जमा की गई हैं, उन संपत्तियों को छोड़कर शेष संपत्तियों को पुनः विक्रय किया जाना है, इस हेतु कार्रवाई पूर्ण करें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचंद्र शर्मा के अलावा गोपाल झालीवाल, राजेन्द्र पुरोहित, श्रीमती प्रफुलता तिवारी, श्रीमती नाहिदा कुरैशी आदि उपस्थित थे।

स्वदेश २१/११/२१

# 372 शहरों में हम 42 वें नबंर पर

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 : कुल 4320 शहरों में रैंक गिरकर 162 वीं हुई

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के परिणाम में कचरा संग्रहण में हुई लापरवाही से शहर की ओवरआल रैंकिंग गत वर्ष के 49 वें स्थान से 113 अंक खिसककर 162 हो गई है। हालांकि एक से दस लाख की आबादी वाले देश के 372 शहरों में रतलाम को 42वां स्थान मिला है। 2020 सर्वे में देश के 4242 शहर थे जबकि इस बार 4320 शहरों को लिया गया था।

6000 अंकों के सर्वे में कुल 3930.37 अंक व प्रेरक दौड़ की श्रेणी में शहर को गोल्ड मिला है। खास बात यह है कि कई छोटे शहर रैंक में हमसे आगे हैं। वजह यह कि कचरा मुक्त शहर श्रेणी में शहर को 00 अंक मिले हैं, जिसका असर पूरी रेटिंग पर पड़ा है। मालूम हो कि नगर निगम ने 49 में से 30 से अधिक वार्डों को कचरा मुक्त करने का दावा किया था। इसके लिए वर्षभर नगर निगम ने रंगोली, प्रभातफेरी से जागरूकता का संदेश दिया। इसके बावजूद परिणामों पर इसका कोई असर नहीं दिखा। शहर में डोर टू डोर कचरा संग्रहण को लेकर सभी 49 वार्डों में वाहन समय पर नहीं पहुंचने या दो से तीन बाद आने की वजह से शहरवासियों द्वारा कचरा खुले में फेंका जाता रहा। सर्वे में इसका बुरा असर पड़ा। जहां-तहां कचरा फैलने से कचरा मुक्त शहर की स्टार रैंकिंग में 1100 में से 00 अंक मिले। इसी तरह ओडीएफ डबल प्लस के 700 अंक में से 500 से संतोष करना पड़ा।

स्वच्छता की रैंकिंग में दस लाख से कम आबादी वाले शहरों में रतलाम 42वें नंबर पर है। प्रदेश में 10 वीं रैंकिंग प्राप्त की है। प्रेरक दौड़ की श्रेणी में भी गोल्ड मिला है। आगे भी शहर को स्वच्छता की दौड़ में अव्वल बनाने के प्रयास करेंगे।

-सोमनाथ झारिय
निगमायुक्त




रतलाम की दीवार पर तरह-तरह की पेंटिंग बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। •नईदुनिया

### इस तरह मिले अंक

| श्रेणी | कुल अंक | मिले |
|---|---|---|
| सर्विस लेवल प्रोग्रेस | 2400 | 1903 |
| सिटीजन वाइस | 1800 | 1526.53 |
| सर्टिफिकेशन व स्टार रेटिंग | 1800 | 500 |

### अब तक के सर्वे में शहर की रैंकिंग

| वर्ष | रैंक | कुल शहर |
|---|---|---|
| 2016 | 79 | -- |
| 2017 | 48 | 500 |
| 2018 | 72 | 4203 |
| 2019 | 62 | 6000 |
| 2020 | 49 | 4242 |
| 2021 | 162 | 4320 |

(एक से दस लाख की आबादी वाले 372 शहरों में 42)

### सैलाना को प्रदेश में 11 वां व जोन में 49 वां स्थान

सैलाना। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में वेस्ट जोन में 25 हजार से कम आबादी वाले 577 नगरों में जिले के सैलाना को 49वां स्थान मिला है जबकि प्रदेश में 11 वां। सर्वे में सैलाना नगर परिषद को 6000 में से 3451 अंक मिले है। इसी तरह पिपलौदा निकाय को जोन में 61वां व प्रदेश में 16वां स्थान मिला है। सैलाना के टाप 50 में आने से जनप्रतिनिधि, नप अमले व नगरवासियों में खुशी का माहौल बना रहा। नप अध्यक्ष नम्रता जितेंद्रसिंह राठौर ने बताया कि यह सफाई कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। नेहरू नगर निवासी नरेंद्र पुरोहित ने कहा कि सफाई की परीक्षा में प्रदेश में 11 वें स्थान पर आने से सैलाना का नाम रोशन हुआ है। अभी भी सफाई इंतजामों में सुधार की गुंजाइश है। बस स्टैंड निवासी अरविंद मुरेरा ने कहा कि लगातार प्रयास से हम प्रथम स्थान भी हासिल करेंगे।

न.दु. २१

नईदुनिया २१/११/२१

# न.नि. विकास शाखा की संपत्तियों की निगम आयुक्त ने की समीक्षा

'दैनिक अवन्तिका' ►► रतलाम



नगर निगम विकास शाखा की योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेन्टर की दुकान, ऑफिस चेम्बर, कमर्शियल हॉल, आवासीय फ्लेट, आवासीय भूखण्ड के निराकरण हेतु विकास शाखा द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विकास शाखा के अधिकारी इंजीनियर व कर्मचारियों की बैठक ली।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विभाग द्वारा संपत्तियों के निराकरण हेतु की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेन्टर की निराकृत व अनिराकृत संपत्ती दुकानए ऑफिस चेम्बरए कमर्षियल हॉल, आवासीय फ्लेट, आवासीय भूखण्ड के पृथक-पृथक पत्रक तैयार किये जाये।

उन्होने निर्देशित किया कि निगम स्वामित्व की सपंत्तियों का शीघ्र निराकरण किया जाये ताकि विक्रय योग्य संपत्तियों का विक्रय किया जाकर निगम के राजस्व में वृद्धि की जा सकें।

श्री झारिया ने निर्देषित किया कि ऐसी संपत्ति जिनका निराकरण हो चुका है व्र नियम तथा शर्तो के अनुरूप संपूर्ण राशि जमा है उनकी रजिस्ट्री संपादित कराये जाने प्रक्रिया प्रारंभ करें। वर्ष1995 में पहले आओ. पहले पाओ पद्धती से किये गये पंजीयन व आवंटित संपत्तियों तथा वर्श 2016 में मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के नियमानुसार आवंटित संपत्तियां जो कि नियत समयावधि में राशि जमा नहीं करने से निरस्ती योग्य तथा जिन व्यक्तियों द्वारा संपूर्ण राशि निविदा में वर्णित शर्तो अनुरूप जमा की गई है उन संपत्तियों को छोड़कर शेष संपत्तियों को पुनः विक्रय किया जाना है इस हेतु कार्यवाही पूर्ण करें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास,, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सौनी, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजाम पुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, निज सहायक सुभाश गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा के अलावा गोपाल झालीवाल राजेन्द्र पुरोहित, श्रीमती प्रफुलता तिवारी, श्रीमती नाहिदा कुरेशी आदि उपस्थित थे।

अवन्तिका २१/११/२१

## डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव निरंतर जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5 :30 से 8 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनापक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

## कीटनाशक दवा का छिड़काव जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रत्येक झोन में एक.एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5.30 से 8 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

अग्निलेखा २१/११/२१

## 4531 पेंशन हितग्राहियों सत्यापन

रतलाम ● सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निःशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाये गए केन्द्रों पर किया जा रहा है, जिसके तहत 19 नवम्बर तक 4531 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर 45 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

## एक मीट्रिक टन से ज्यादा कचरा जुलवानिया पहुंचा

रतलाम ● नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किए जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा है, जिसके तहत 19 नवम्बर को 1 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया गया। डम्पर से 49965, ट्रैक्टर से 16795, काम्पेक्टर सूखा कचरा 22320 व काम्पेक्टर गीला कचरा 17778 किलो, इस तरह कुल 106855 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया। स्वदेश-२१

## 7564 आयुष्मान कार्ड बनाए गए

रतलाम ● आयुष्मान भारत "निरामयम" योजना अंतर्गत नगर के पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम के आईटी सेल कार्यालय में किया जा रहा है। अब तक 7564 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया है कि रतलाम नगर के शेष रहे हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाये जाना हैं। पात्र हितग्राहियों और उनके परिवार सदस्यों का पंजीयन किए जाने हेतु आधार कार्ड व समग्र आईडी दस्तावेज के रूप में लिए जाएं। स्वदेश २१

स्वदेश २१/११/२१

# पूरा विकास होने तक सरकार के बंधन में रहेंगे भूखंड

## सख्ती • अवैध कालोनियां बनने से रोकने की दिशा में बड़ा कदम

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मध्य प्रदेश में अवैध कालोनियों के निर्माण पर सख्ती से रोक लगाने के लिए राज्य सरकार नियमों को अंतिम रूप दे रही है। नए नियम दिसंबर माह में लागू किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इसके बाद मध्य प्रदेश में अवैध कालोनियां नहीं पनप सकेंगी। नियमों में बगैर अनुमति कालोनी विकसित करने वाले बिल्डर और उस क्षेत्र-निकाय के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के प्रविधान प्रस्तावित हैं। बिल्डर को कालोनी विकसित करने से पहले नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त से मंजूरी लेनी होगी और कालोनी का पूरा विकास होने तक भूखंड बंधक रहेंगे। इन्हें विकास की गति के अनुसार मुक्त किया जाएगा।

राज्य सरकार मध्य प्रदेश नगरपालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 तैयार करवा रही है। नियमों पर जनप्रतिनिधियों और आमजन से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किए गए थे। इस पर विस्तार से कार्यशाला भी हो चुकी है। इसमें विधायकों, सांसद और पार्षदों ने खुलकर अपने विचार रखे थे। वहीं प्रदेशभर से आपत्तियां और सुझाव भी आ चुके हैं। आपत्तियों का निराकरण किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि अगले 10 से 15 दिन में आपत्तियों-सुझावों के आधार पर प्रस्तावित नियमों में आंशिक संशोधन कर उन्हें लागू किया जा सकता है। नए नियमों के अनुसार कोई भी बिल्डर नगरीय प्रशासन और विकास आयुक्त की मंजूरी के बगैर न कालोनी विकसित कर सकेगा और न ही उसके भूखंड बेच सकेगा। बिल्डर को कालोनी विकसित करने की अनुमति मिलने के पांच साल के अंदर आंतरिक विकास कार्य पूरे करने होंगे। उसे कालोनी में भवन निर्माण की मंजूरी तभी मिलेगी, जब कालोनी विकसित करने की मंजूरी पहले से ली गई हो। उल्लेखनीय है कि पिछले दो दशक में प्रदेशभर में सैकड़ों अवैध कालोनियां पनप चुकी हैं, जिन्हें सरकार कुछ शर्तों के साथ वैध कर रही है।

नए नियमों में अवैध कालोनी विकसित होने पर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं आवास डेवलपर या भूमि-स्वामी को 15 दिन का नोटिस देकर विकास कार्य रोकने के निर्देश दे सकेंगे। संतोषजनक जवाब न आने पर निर्माण कार्य रोकने के लिए 15 दिन का नोटिस देंगे। साथ ही कालोनी में विक्रय अनुबंध पत्रों के पंजीयन पर रोक लगाने के लिए सार्वजनिक सूचना के माध्यम से आमजन को चेतावनी भी देंगे। पंजीयन के बाद कालोनी की अनुमति की सूची अखबारों में प्रकाशित कराएंगे और विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड करेंगे। वहीं बिल्डर गलत जानकारी देकर पंजीयन करवाने में सफल होता है, तो प्राधिकारी उसे रद कर सकेगा। हालांकि बिल्डर को 30 दिन में राज्य शासन के समक्ष अपील करने का अधिकार दिया जा रहा है।



### बड़ा फैसला

- मप्र नपा (कालोनी विकास) नियम 2021 को अंतिम रूप दे रही सरकार
- जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के प्रविधान


### काम के आधार पर बंधन मुक्त होगी संपत्ति

बिल्डरों के काम के आधार पर सक्षम प्राधिकारी बंधक संपत्ति को क्रमशः मुक्त करेगा। बिल्डर 50 प्रतिशत विकास कार्य पूरा करेगा, तो 50 प्रतिशत भवन या भूखंड, 75 प्रतिशत काम पूरा करने पर अगले 25 प्रतिशत और सौ प्रतिशत काम पूरा करने पर शेष 25 प्रतिशत भवन या भूखंड बंधन से मुक्त किए जाएंगे।

नईदुनिया २१/११/२१

समय प्रभात

# अति शीघ्र आकार लेगा फूड जोन



रतलाम । रतलाम शहर में बनने वाला फूड जोन अति शीघ्र आकार लेने की तैयारी कर रहा है । इसकी डीपीआर बन जाने के पश्चात टेंडर प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी । संभवतः जनवरी से निर्माण कार्य शुरू हो सकता है । शहर के लोकेंद्र भवन के सामने बनने वाला फूड जोन रतलामी स्ट्रीट फूड के आकर्षण का नया केंद्र होगा, एक ही स्थान पर खानपान के शौकीनों को सारे जायके मिल सकेंगे।

एक मनोरंजक स्थल होने के साथ-साथ फूड जोन अपनी भव्यता से भी लोगों को भरपूर आकर्षित करेगा ।कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि पोलोग्राउंड से लगी हुई लगभग सवा 2 लाख स्क्वायर फीट भूमि पर गुड़गांव के साइबर हब फूड जोन की तर्ज पर रतलाम का फूड जोन बनाया जाएगा । इस दो मंजिला अत्याधुनिक भवन की लागत लगभग 11 करोड़ रुपये के आसपास रहेगी । रतलामी फूड जोन का नक्शा इंदौर की विख्यात आर्किटेक्ट प्लानर इंटीरियर डिजाइनर्स संस्था 9 स्क्वायर द्वारा तैयार किया गया है । आकर्षक लाइटिंग, एंफीथियेटर के साथ-साथ फूड जोन में ग्रीनरी के भी पर्याप्त समावेश का प्रावधान किया गया है । इसका वाक वे एलईडी लाइट से सुसज्जित रहेगा। परिसर में अलग-अलग प्रकार के पौधों से मनमोहक खूबसूरती दी जाएगी। कंफर्टेबल सीटिंग एरिया रहेगा, बेंचे भी लगाई जाएगी। परिसर में बनने वाला एंफीथिएटर मुक्त, काशी मंच, गीत संगीत, साहित्य, विधा या काव्य पाठ जैसे आयोजनों के लिए उपलब्ध रहेगा। एंफीथियेटर स्थानीय कलाकारों के लिए भी एक सौगात की तरह रहेगा जहां उन्हें अपनी कला प्रदर्शन के लिए मंच मिल सकेगा।

फूड जोन इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि बेंच पर बैठकर या दुकानों से अथवा मंच सभी स्थानों से पूरे परिसर का अवलोकन किया जा सकेगा। फूडजोन प
टू व्हीलर 4 व्हीलर पार्किंग की पर्या
व्यवस्था आने जाने वालों के लिए रहेगी
इसके दो मंजिला भवन में सीढ़ियों के साथ
एस्केलेटर सुविधा भी रहेगी। कुल 41 दुक
बनाई जाएंगी जिनमें ए टाइप की 15 दुक
200-220 स्क्वायर फीट की होंगी । इस
अलावा बी श्रेणी की 13 दुकाने 290 से 3
स्क्वायर फीट तथा सी श्रेणी की 13 दुकानें 3
से 370 स्क्वायर फीट आकार की रहेंगी। परि
में स्वच्छता के लिए लीटर बीन की व्यव
रहेगी, रैंप की सुविधा दी जाएगी ।

आकर्षक लाइटिंग के साथ लैंडस्कै
दुकानों के सामने 6 मीटर चौड़ा कोरिडोर
बबल, डेकोरेटिव लाइट्स, इंटरलॉकिंग पे
बुश लाइट्स, सेंड स्टोन बोल
कॉबलस्टोन, सुंदर पर्यावरण के लिए
अमलतास, गुलमोहर जैसे सुंदर पौधे
जोन की भव्यता को चार चांद लगाएंगे
सारी विशेषताओं से युक्त अत्याधुनिक
जोन का निर्माण रतलाम की सुंदरता क
नई आभा देगा।

समयप्रभात २/११/२१

# स्वच्छ सर्वेक्षण... लगातार पांचवीं बार इंदौर देश का सबसे साफ शहर घोषित, सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में रतलाम का नंबर ही नहीं लगा

# 372 शहरों में रतलाम 42वें नंबर पर, जीएफसी में 5 स्टार का दावा, दूसरी बार मिला जीरो

भास्कर संवाददाता | रतलाम

## यहां हुई चूक- व्यवस्था सुधारने के प्रयास हुए पर उन्हें शत-प्रतिशत लागू नहीं करवा सके

सफाई को लेकर नगर निगम के दावों की हकीकत शनिवार को जारी स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के रिजल्ट में सामने आ गई। इस बार परिणाम ओवरऑल की जगह अलग-अलग कैटेगरी में आए। 6000 अंक के सर्वेक्षण में रतलाम को 3930 अंक मिले हैं। 1 से 10 लाख तक की आबादी वाले देश के 372 शहरों में रतलाम को 42वीं रैंक मिली। सबसे खराब नतीजा गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) स्टार रेटिंग में रहा। नगर निगम को इसमें दूसरी बार अंडा (जीरो) रेटिंग मिली है। सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में नंबर नहीं लगा। इनके मुकाबले प्रेरक दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड हासिल किया। परिणाम दैनिक भास्कर के आकलन के अनुसार ही आए, इसमें अंक 3000 से 4000 के बीच और जीएफसी में शून्य रेटिंग मिलने का अंदेशा जताया था। 2020 के सर्वेक्षण में शहर की ओवरऑल रैंक 49वीं, जबकि एक से तीन लाख तक की आबादी वाले 230 शहरों में 31वीं थी। हालांकि सरकार ने ओवरऑल रैंक जारी नहीं की है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह गिरकर 162 पहुंच गई हैं, जो पिछले साल 49वीं थी। खैर 42वीं रैंक हासिल करने पर खुश हो रहे अफसरों ने परिणामों की समीक्षा शुरू कर खूबियों के साथ खामियों को तलाशा जा रहा है।




सुंदरता पर ध्यान, सफाई पर नहीं. चित्र- रतलाम के चेतक ब्रिज का।

### कमजोरियां, जिनसे पिछड़ा रतलाम

**लेगेसी वेस्ट (पुराना कचरा)**- इसे नष्ट करने का कोई ठोस प्रबंध नहीं हो पाया है। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का पहाड़ बनता जा रहा है, वह भी अस्त-व्यस्त।

**कचरे से खाद**- कंपोस्ट खाद नहीं बन रही है। अब तक तीन से चार बार कोशिश हो चुकी। तीन साल पहले कंपोस्ट पैड लगाए थे, वह भी कुछ महीनों बाद गायब हो गए।

**मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी**- निगम एफआरएफ का ठीक से संचालन नहीं कर पा रहा, जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में अलग-अलग ब्लॉक तो बना रखे हैं लेकिन उपयोग नहीं हो रहा।

**सेग्रिगेशन**- गीला व सूखा कचरा न तो कचरा कलेक्शन वाहन अलग-अलग लिया जा रहा, न ही ट्रेंचिंग ग्राउंड में इसका कोई ठोस प्रबंधन किया हुआ है। सारा कचरा मिक्स पहुंच रहा।

**कलेक्शन**- डोर-टू-डोर कलेक्शन वाहन भी 100 प्रतिशत कचरा नहीं उठा रहे, ट्रेंचिंग ग्राउंड में औसतन 85 से 90 टन कचरा पहुंचता है, त्योहारी दिनों को छोड़ यह मात्रा 75 से 82 के बीच रही।

**जीएफसी**- फाइव स्टार के बदले लगातार दूसरी बार जीरो रेटिंग मिली है। सीधे 600 अंक का नुकसान हुआ। 2020 में भी थ्री स्टार के लिए दावा किया था, तब भी जीरो रेटिंग मिली थी।

### पहले ही बता दिया था




20 नवंबर को प्रकाशित खबर

### किसमें-कितने अंक

| कुल अंक | सर्विस लेवल प्रोग्रेस |
|---|---|
| 3930.37 / 6000 | 1903.85 / 2400 |

| सर्टिफिकेशन | सिटीजन वाइस |
|---|---|
| 500 / 1800 | 1526.53 / 1800 |

### किसमें-क्या पोजिशन रही

**10वां नंबर** (प्रदेश के 1 से 10 लाख तक की आबादी वाले टॉप टेन शहरों में)

**11वां नंबर** (प्रदेश के 16 नगर निगमों में रैंकिंग अनुसार)

## अव्वल तो कोई भी आ जाए, पांच बार नं. 1 आकर इंदौर ने बड़ा काम किया : राष्ट्रपति

अवॉर्ड समारोह के दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सबसे पहले सफाईमित्र सुरक्षा चैलेंज का अवॉर्ड प्रदेश के मंत्री ओपीएस भदौरिया, प्रमुख सचिव मनीष सिंह, आयुक्त नगरीय प्रशासन निकुंज श्रीवास्तव और अपर आयुक्त संदीप सोनी को दिया। देश के सबसे साफ शहर का अवॉर्ड नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह, इंदौर निगमायुक्त प्रतिभा पाल, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा और इंदौर कलेक्टर मनीष सिंह को दिया। राष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन में इंदौर के लिए कहा कि नं.-1 आना बड़ी बात नहीं है, लेकिन लगातार 5 बार नं.-1 आना बड़ा काम है। दूसरे शहरों को भी इससे सीख लेना चाहिए। आज पांच करोड़ लोगों के फीडबैक के आधार पर यह रैंकिंग तय हुई है। इसके लिए मैं इंदौर को बहुत बधाई देता हूं।



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से अवॉर्ड लेते मंत्री भूपेंद्र सिंह।

भास्कर-21

ट्रैफिक सुधार • 3 दिन बाद शुरू होगा काम, पार्किंग लाइन में ही खड़े करने होंगे वाहन

# बड़ा बदलाव : शहर को हॉकर्स फ्री जोन बनाएंगे बाजार वन-वे तो सब्जी मंडियां मैदान में करेंगे शिफ्ट

गर सात दिन में व्यवस्था नहीं री तो फिर से करेंगे बदलाव

▪ शहर में सुबह 9 से रात 9 बजे तक भारी वाहन का प्रवेश बंद होगा ▪ गोदाम बना दिए गए पार्किंग स्थल चेक होंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रे शहर की बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था रने के लिए बड़े बदलाव की तैयारी की जा है। शहर को हॉकर्स फ्री जोन बनाया जाएगा, के लिए यहां-वहां लगने वाली अस्थायी जी मंडियों को हटाकर अलग-अलग मैदानों शिफ्ट करने का प्लान है। वहीं, मुख्य बाजार भी वन-वे बनाया जा रहा है। वाहनों को किंग लाइन में खड़ा करवाया जाएगा। इसके पार्किंग लाइन डालने का काम शुरू हो गया अधिकारियों के मुताबिक 3 दिन में काम होगा। इसके बाद व्यवस्था को लागू किया गा। हालांकि, व्यवस्था ट्रायल पीरियड पर , यानी 7 दिन तक सुधार दिखता है तो आगे के लिए लागू किया जाएगा। यातायात स्था सुधारने के लिए वन-वे, सुनियोजित एवं ऑटो-मैजिक स्टैंड, सिग्नल, पार्किंग व रोड मार्किंग को लेकर चर्चा हुई।

## सब्जी व फल दुकानों को एक जगह लाएंगे



▪ त्रिपोलिया गेट, चांदनीचौक, चौमुखीपुल, घास बाजार व माणकचौक की सब्जी मंडी को त्रिवेणी मेला ग्राउंड में लगाएंगे।

▪ तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेव लाला पीपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहर सराय, सागोद रोड, बाजना बस स्टैंड की सब्जी मंडी को बोहरा कब्रिस्तान के सामने और अमृतसागर तालाब की पाल के पास लगाएंगे।

▪ टीआईटी रोड, रोटरी क्लब के पास, कॉन्वेंट तिराहा से फव्वारा चौक तक, डाट की पुलिया, पैलेस रोड की सब्जी मंडी को छत्रीपुल पंजाबी धर्मशाला के पास लगाने।

▪ राममंदिर चौराहा, कस्तूरबा नगर, गुजरात स्वीट्स वाली रोड और सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगी सब्जी मंडी को बाल संप्रेक्षण गृह के सामने विरियाखेड़ी और जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने जवाहर नगर बी कॉलोनी रोड के सामने वाले मैदान में स्थानांतरित करेंगे।

▪ सैलाना बस स्टैंड स्थित शासकीय सब्जी मंडी के भवन का पोस्ट ऑफिस से लगा हिस्सा रिटेल सब्जी मंडी में परिवर्तित करेंगे।

## यह मार्ग वन-वे करने की तैयारी

1. सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी से गणेश देवरी की ओर रहेगा, ये सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

2. सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश चौमुखी पुल से गणेश देवरी की तरफ रहेगा, जो रानीजी की मंदिर की ओर जा सकेंगे लेकिन ये सभी वाहन गणेश देवरी की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

3. सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश गणेश देवरी से तोपखाने की ओर रहेगा, तोपखाने की ओर से वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

4. सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश डालूमोदी से घास बाजार की ओर रहेगा, ये सभी वाहन घास बाजार की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे।

5. सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश लोकेंद्र टॉकीज से सैलाना बस स्टैंड की ओर रहेगा। ये सभी वाहन सैलाना बस स्टैंड की ओर से प्रतिबंधित रहेंगे। साथ ही सभी चार पहिया वाहन जो सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज आना चाहते है उन्हें शहीद चौक तक अपने वाहन को ले जाकर डिवाईडर क्रॉस करने पर ही आने की अनुमति होगी।

## तीन दिन बाद लागू करेंगे

ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए पहल की जा रही है। शहर में पार्किंग लाइन डालने का काम हो रहा है। 3 दिन में यह पूरा हो जाएगा, इसके बाद 7 दिन के लिए ट्रायलw करेंगे। सक्सेस रहा तो आगे के लिए लागू किया जाएगा।

**मोनिका सिंह,**
ट्रैफिक प्रभारी

## शहरवासी दे सकते हैं सुझाव

व्यवस्था में बदलाव को लेकर पुलिस ने सभी व्यापारी संगठनों और आम जनता से यातायात व पार्किंग व्यवस्था के सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आमजन ट्रैफिक प्रभारी के वाट्सअप नं. 7049127318 और उपपुलिस अधीक्षक यातायात के वाट्सअप नं. 7049127295 पर सुझाव दे सकते हैं।

रतलाम

दै.भास्कर 21/11/21

सुधार | सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के बाद बनाई कार्ययोजना, सात दिन के ट्रायल के बाद लागू करेंगे

# शहर में सात स्थानों पर लगेंगी सब्जी मंडी, रोड मार्किंग भी होगी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए सड़कों के किनारे, गलियों में लगने वाली सब्जी दुकानों व हाथ ठेलों के लिए स्थान तय किया जाएगा। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बेहतर ट्रैफिक, एकांकी मार्ग, सुनियोजित बस व आटो स्टैंड, यातायात सिग्नल लगाने, पार्किंग क्षेत्र व व्यवस्थित मार्किंग पर कार्ययोजना बनाई गई है। कार्ययोजना के तहत सब्जी दुकानों को शहर के सात स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएगा। वहीं रोड मार्किंग के बाहर खड़े वाहनों के मालिकों के खिलाफ चालानी व वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में हुई बैठक में एसपी गौरव तिवारी, एडीएम एमएलआर्य, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, परिवहन अधिकारी दीपक मांझी, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि रोड मार्किंग कर दुकानदारों व नागरिकों को तीन दिन की चेतावनी दी जाए, इसके बाद मार्किंग के बाहर खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जाए। व्यापारी संगठनों के अध्यक्षों को आदेशित किया गया कि वे भी दुकानदारों को समझाइश दें। सुबह नौ से रात नौ बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। रात के समय आटो व मैजिक वाहनों के चालकों द्वारा ज्यादा किराया वसूलने की शिकायतों को लेक परिवहन विभाग ने आटो व मैजिक यूनियनों के अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि निर्धारित किराया ही वसूला जाए।

**इन मार्गों पर चारपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित :** सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश गणेश देवरी से डालूमोदी बाजार, चौमुखीपुल की तरफ प्रतिबंधित किया जाएगा। इसी प्रकार चारपहिया वाहन चौमुखी पुल से गणेश देवरी होकर रानीजी का मंदिर की तरफ जा सकेंगे।गणेश देवरी से तोपखाना तक चारपहिया वाहनों का प्रवेश रहेगा, लेकिन तोपखाना से गणेश देवरी की तरफ प्रतिबंधित रहेगी। उधर डालूमोदी बाजार से घासबाजार की तरफ चारपहिया वाहन जा सकेंगे, लेकिन घास बाजार से डालूबाजार की तरफ प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लोकेन्द्र टाकीज से सैलाना बस स्टैंड की तरफ चार पहिया वाहन शहीद चौक डिवाइडर से होकर जा सकेंगे। सब्जी दुकानों के चयनित स्थलों पर स्थानांतरण व एकांकी मार्गों के प्लान के क्रियान्यन के लिए सात दिन का ट्रायल पीरियड रखा जाएगा, इसके बाद प्लान पर निर्णय लिया जाएगा।

### आमजन सुझाव भी दे सकेंगे

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को लेकर सुझाव आमंत्रित किए हैं। व्यावहारिक सुझावों पर विमर्श कर अमल किया जाएगा। यातायात समस्या व सुझाव यातायात थाना प्रभारी के वाट्सएप नम्बर 7049127318 या डीएसपी ट्रैफिक के वाट्सएप नंबर 7049127295 पर दिए जा सकते हैं।

### सब्जी दुकानों के लिए ये स्थान प्रस्तावित

1 त्रिपोलिया गेट, चांदनीचौक, चौमुखीपुल, घास बाजार व माणकचौक क्षेत्र की सब्जी दुकानों को त्रिवेणी मेला ग्राउंड, स्थानांतरित किया जाएगा।

2 तोपखाना, हाट की चौकी, हरदेव लाला पिपली, नीमचौक, लोहार रोड, शहँर सराय, सागोद रोड बाजना बस स्टैंड क्षेत्र की सब्जी दुकानों को जैन स्कूल के पीछे बोहरा कब्रिस्तान के सामने एवं अमृतसागर तालाब की पाल के पास जगह दी जाएगी।

3 टीआइटी रोड, रोटरी क्लब के पास, कान्वेंट तिराहा से फव्वारा चौक तक, डाट की पुलिया व पैलेस रोड क्षेत्र की सब्जी दुकानों को पंजाबी धर्मशाला के पास स्थान दिया जाएगा।

4 राममंदिर चौराहा, कस्तूरबा नगर, जवाहर नगर व सैलाना जाने वाले मुख्य मार्ग की सब्जी दुकानों को बाल सम्प्रेक्षण गृह के सामने बिरियाखेड़ी व जवाहर नगर मुक्तिधाम के सामने और जवाहर नगर बी कालोनी रोड के सामने वाले मैदान में स्थानांतरित करना प्रस्तावित है।

5 सैलाना बस स्टैंड स्थित शासकीय सब्जी मंडी भवन का एक हिस्सा जर्जर हो चुका है। इस हिस्से को दो-तीन मंजिला रिटेल सब्जी मंडी के रूप में परिवर्तित करने का सुझाव है। इस पर भी कार्ययोजना बनाई जाएगी।

नईदुनिया 21/11/21

# नगर निगम विकास शाखा की संपत्तियों की निगम आयुक्त झारिया ने की समीक्षा

**रतलाम। नगर निगम विकास शाखा की योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेन्टर की दुकान, ऑफिस चेम्बर, कमर्शियल हॉल, आवासीय फ्लेट, आवासीय भूखण्ड के निराकरण हेतु विकास शाखा द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विकास शाखा के अधिकारी, इंजीनियर व कर्मचारियों की बैठक ली।**



आयोजित बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विभाग द्वारा संपत्तियों के निराकरण हेतु की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेन्टर की निराकृत व अनिराकृत संपत्ती दुकान, ऑफिस चेम्बर, कमर्षियल हॉल, आवासीय फ्लेट, आवासीय भूखण्ड के पृथक-पृथक पत्रक तैयार किये जाये। उन्होने निर्देशित किया कि निगम स्वामित्व की सपंत्तियों का शीघ्र निराकरण किया जाये ताकि विक्रय योग्य संपत्तियों का विक्रय किया जाकर निगम के राजस्व में वृद्धि की जा सकें। श्री झारिया ने निर्देषित किया कि ऐसी संपत्ति जिनका निराकरण हो चुका है व नियम तथा शर्तो के अनुरूप संपूर्ण राशि जमा है उनकी रजिस्ट्री संपादित कराये जाने प्रक्रिया प्रारंभ करें। वर्श 1995 में पहले आओ-पहले पाओ पद्धती से किये गये पंजीयन व आवंटित संपत्तियों तथा वर्श 2016 में मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के नियमानुसार आवंटित संपत्तियां जो कि नियत समयावधि में राशि ज नहीं करने से निरस्ती योग्य तथा जिन व्यक्ति द्वारा संपूर्ण राशि निविदा में वर्णित शर्तो अनु जमा की गई है उन संपत्तियों को छोड़कर संपत्तियों को पुनः विक्रय किया जाना है इस कार्यवाही पूर्ण करें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलं कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हर्न शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहाय यंत्री एम.के. जैन, अरविन्द दशोत्तर, सत्यप्रक आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौध राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशव सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाव निज सहायक सुभाश गोयल, कार्यालय अधीक्ष रामचन्द्र शर्मा के अलावा गोपाल झालीवा राजेन्द्र पुरोहित, श्रीमती प्रफुलता तिवारी, श्रीम नाहिदा कुरेषी आदि उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार 21/11/21

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 : 113 रैंक पिछड़े, 49वें स्थान से 162वें पर शहर की सफाई

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर निगम का परिणाम निराशाजनक सामने आया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 की तुलना में इस बार 113 रैंक पिछड़ कर देश में सफाई के मामले में 162वां स्थान मिला है, जबकि गत वर्ष देश में सफाई के मामले में रतलाम के रैंकिंग 49वीं प्राप्त हुई थी। खास बात एक और है कि परिणाम में रतलाम नगर-निगम जीएफसी (गार्बेज फ्री सिटी) में भी शून्य हासिल कर सका। शनिवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के परिणाम में इंदौर को लगातार पांचवी बार देश में सफाई के मामले में 1 रैंक प्राप्त हुई। इसके अलावा रतलाम नगर-निगम की निराशाजनक स्थति ने मायूसी दिला दी। बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की जमीनीस्तर पर माकूल तैयारियों के अभाव के साथ अधिकारियों का सड़क पर नहीं रहना और कर्मचारियों का मनमानीपूर्वक कार्य ही एक प्रमुख कारण है। दिल्ली में घोषित हुए परिणामों के बाद नगर-निगम के कर्मचारी सोशल मीडिया से 10 लाख आबादी वाले शहरों में 42वें रैंक प्राप्त होने का प्रचार-प्रसार करते रहे, लेकिन देश में सफाई के मामले में पिछड़ने को छिपाते रहे।

## दवा का छिड़काव निरंतर जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5:30 से 8 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाषक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। इन्दौर. २१

इन्दौरसमाचार २१/११/२१

# आकर्षक रांगोली के माध्यम से दिया जा रहा है स्वच्छता का संदेश

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

अच्छे स्वास्थ्य और अच्छे जीवन के लिए हमें स्वच्छता नामक एक अच्छी आदत को अपने जीवन के साथ जोड़ना चाहिए। स्वच्छता को कोई काम नहीं समझना चाहिए और ना ही इस काम को पैसे कमाने के लिए किया जाना चाहिए, क्योंकि इस काम को करने से जो स्वच्छता हमें मिलेगी, वह पैसों से नहीं ली जा सकती।

उक्त विचार नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत चल रहे स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रमों के तहत शहर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के दौरान व्यक्त किए। इस दौरान सफाई मित्र समूह ने शहर



के कचरामुक्त व प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर रांगोलि
के माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने का संदेश आमज
को दिया, डोर टू डोर, इसके लिए प्रेरित भी किया है।

श्री झारिया ने नागरिकों से आह्वान किया है कि घ
और दुकानों से निकले कचरे का निपटान कचरा संग्रह
वाहन के अलग-अलग हिस्सों में ही करें। स्वच्छता
प्रति नागरिकों की जागरुकता जरुरी है, तभी हम अप
शहर को देश में स्वच्छता के मामले में नम्बर-1 ब
पाएंगे, इसी के साथ वैक्सीनेशन के मामले में भी शत
प्रतिशत टीके लगवाकर रतलाम का गौरव बढ़ाएं।

स्वदेश-21

स्वदेश 21/11/21